an>

Title: Issue regarding implementation of Pradhan Mantri Kaushal Vikas Yojana (PMKVY).

श्री शरद त्रिपाठी **(संत कबीर नगर):** मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान "कौशल विकास योजना" की ओर आकृष्ट कराना चाहूंगा। मैं जिस लोक सभा संसदीय क्षेत्र से चुन कर आया हूं, अब तक वहां के संत नगर, कबीर नगर, अम्बेडकर नगर, गोरखपुर, महाराजगंज, सिद्धार्थ नगर इत्यादि जनपदों में निर्धारित लक्ष्य से केवल 20 प्रतिशत "कौशल विकास योजना" का कार्यक्रम चल पा रहा है।

मैं आपके माध्यम से सरकार से आग्रह करना चाहूंगा कि उसमें जो विलम्ब हो रहा है, सरकार उसकी तत्काल मॉनिटरिंग करे कि किस कारण से उसमें विलम्ब हो रहा है और लक्ष्य को पूरा करके, बेरोजगार लोगों को प्रशिक्षित करके, "कौशल विकास योजना" में उनको स्थान देने की कृपा करें।